# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
## Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission


पत्रांक/Ref. No.: 1752 | संवाद– | दिनांक/Date : 16/01/2024

**विषयः–आयोग के विज्ञापन संख्या 50/उ0अ0से0च0आ0/2023 दिनांक 05 दिसम्बर, 2023 द्वारा विज्ञापित विभिन्न विभागों के इण्टरमीडिएट स्तरीय अर्हता के कुल 236 रिक्त पदों हेतु प्रस्तावित लिखित प्रतियोगी परीक्षा की तिथि के संबंध में।**

आयोग के विज्ञापन संख्याः 50/उ0अ0से0च0आ0/2023 दिनांक 05 दिसम्बर, 2023 द्वारा विभिन्न विभागों के इण्टरमीडिएट स्तरीय **(परिवहन आरक्षी, आबकारी सिपाही, उप आबकारी निरीक्षक, हॉस्टल मैनेजर ग्रेड–3, गृह माता/हाऊस कीपर)** के कुल 236 रिक्त पदों हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया है जिनकी लिखित प्रतियोगी परीक्षा की प्रस्तावित तिथि 31 जनवरी, 2024 अंकित है। वर्तमान में **परिवहन आरक्षी, आबकारी सिपाही, उप आबकारी निरीक्षक** के रिक्त पदों हेतु राज्य के चार जिलों **(ऊधमसिंह नगर, नैनीताल, देहरादून तथा हरिद्वार)** में दिनांक 11.01.2024 से शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। कतिपय अभ्यर्थियों, जो शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षा से वंचित रह गए हैं, के द्वारा किए गए अनुरोध के क्रम में उन समस्त अभ्यर्थियों को अतिरिक्त समय दिए जाने के दृष्टिगत लिखित प्रतियोगी परीक्षा के आयोजन में विलंब होगा।

तद्नुसार अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त पदों हेतु लिखित प्रतियोगी परीक्षा की अनुमानित तिथि माह मार्च, 2024 प्रस्तावित है। तिथि के निर्धारण के उपरान्त अभ्यर्थियों को संवाद के माध्यम से आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर अवगत करा दिया जायेगा।

अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** का अनुश्रवण करते रहें।

-Sd/-
(सुरेन्द्र सिंह रावत)
सचिव


उत्कृष्टता पारदर्शिता वस्तुनिष्ठा

निकट महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, एयरपोर्ट रोड़, देहरादून। टोल फ्री नं.–9520991174

Near Maharana Pratap Sports College, Airport Road, Raipur, Dehradun. Toll free No. 9520991174

Website : www.sssc.uk.gov.in, Email:chayanayog@gmail.com